K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR
ASSESSMENT – V (2022-23)

GRADE: IV **MARKS: 40**
SUB: HINDI **TIME: 2 HOURS**

सूचनाएँ = १) प्रश्न लिखकर उत्तर लिखना आवश्यक है। (Objective Questions)
२) प्रश्न क्रमांक लिखना आवश्यक है।
३) कहानी लेखन और पत्रलेखन में से **कोई एक प्रश्न** लिखना आवश्यक है।
४) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

प्रश्न १) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

बच्चो! देखो मैं हूँ रेल। पटरियों पर छुक-छुक कर चलती रेल। स्टेशन है मेरा घर, निर्देश देते मुझे स्टेशन मास्टर। एक जगह से दूसरी जगह, लोगों को पहुँचाना मेरा काम है। देश की सभी पटरियों से, मेरी अच्छी जान-पहचान है।	मेरे अंदर बैठने के लिए , हमेशा लेनी पड़ती है टिकट। लेकिन पटरी पर मैं जब तक न रुक जाऊँ, तुम आना मत मेरे बहुत निकट। पूरी तरह से रुक जाने पर ही, मेरे अंदर आ सकते हो। लेकिन मुझ पर यात्रा करते हुए किसी अनजान से, लेकर तुम कुछ खाना मत।

क) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए। **(३अंक)**

१) रेल का घर स्टेशन है।
२) रेल में यात्रा करते समय अनजान व्यक्ति से खाना लेकर खाना चाहिए।
३) रेल को स्टेशन मास्टर निर्देश देते हैं।

ख) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **(१अंक)**

१) रेल के अंदर बैठने के लिए क्या लेना पड़ता है?

ग) मेरी राय (स्व-अध्ययन पर प्रश्न) **(२अंक)**

१) हमें रेलगाड़ी में गंदगी क्यों नहीं फैलानी चाहिए? अपने विचार लिखिए।

प्रश्न २) क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। **(४अंक)**

१) प्रभाव = २) आश्चर्य =

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीर्घ लिखिए। **(४अंक)**

१) कोणार्क सूर्य मंदिर के पहियों की वास्तुकला कैसी है?
२) सफाई कर्मचारी ने लोगों से क्या कहा?

ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए। **(५अंक)**

१) कोणार्क मंदिर को सुंदर रूप देने में लगभग कितना समय लग गया था?
२) एक जगह इकट्ठे हुए पानी में क्या पैदा होने का खतरा होता है?
३) 24 पहिए किसका प्रतीक माने जाते हैं?
४) रेलगाड़ी में कूड़ा कौन फैलाता है?
५) भारत का सबसे पुराना और प्रसिद्ध सूर्य मंदिर कौन-से राज्य में है?

प्रश्न ३) निम्नलिखित अपठित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

रंग-बिरंगे फूल किसका मन नहीं मोह लेते। अर्थात फूल सभी को प्रिय होते हैं। जब कभी हम फूलों से भरे बगीचे के समीप से गुजर रहे होते हैं तो फूलों की सुगंध हमें अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। फूल हमारे जीवन में अपना विशेष स्थान रखते हैं - जन्मोत्सव हो, पूजा का अवसर हो, किसी त्योहार पर रंगोली बनानी हो या भगवान के लिए माला अथवा गहने बनाने में हमें फूलों की आवश्यकता होती है। गुलाब के फूलों का गुलकंद बनता है जो हमारे शरीर को ठंडक देता है। गुलाब के रस से गुलाब जल बनता है जो आँखों के लिए बड़ा लाभकारी है।

क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए। **(३अंक)**

१) फूलों की सुगंध हमें अपनी ओर ________ कर लेती है।

२) रंग-बिरंगे _________ किसका मन नहीं मोह लेते।

३) गुलाब के रस से गुलाब जल बनता है जो ________ के लिए बड़ा लाभकारी है।

ख) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए। **(२अंक)**

१) फूल सभी को प्रिय होते हैं।

२) फूल हमारे जीवन में अपना विशेष स्थान नहीं रखते हैं।

ग) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **(१अंक)**

१) गुलाब के फूलों का क्या बनता है?

प्रश्न ४) क) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी (समान अर्थ) शब्द लिखिए। **(२अंक)**

१) विशाल = २) प्राचीन =

ख) दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। **(२अंक)**

१) लेख लिखने वाला = २) पड़ोस में रहने वाला =

ग) निम्नलिखित अंक अक्षरों में लिखिए। **(२अंक)**

१) २२ = २) ४० =

घ) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द खोजकर लिखिए। **(२अंक)**

१) अंगूर खट्टे हैं।

२) बगीचे में लाल गुलाब खिले हैं।

च) निम्नलिखित वाक्यों के काल के भेद पहचान कर लिखिए। **(२अंक)**

१) राधा गुड़िया से खेलती है।

२) राहुल ने कविता लिखी थी।

प्रश्न ५) चित्र पर आधारित कहानी लेखन लिखिए। (शीर्षक तथा सीख आवश्यक) **(५अंक)**

[अथवा]

प्रश्न ५) निम्नलिखित विषय पर पत्रलेखन लिखिए। **(५अंक)**

विद्यालय में खेल के सामान मँगवाने हेतु प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए।